दिनांक : 11.06.2025 समय : 07.10Pm

## मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 6 हजार 400 करोड़ रूपयों से अधिक की दो रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी।
- मुख्यमंत्री शुक्रवार को संबल योजना के तहत 150 करोड़ रूपये से अधिक की राशि श्रमिकों को करेंगे वितरित।
- सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष में भारत के परिवहन बुनियादी ढ़ांचे में आया उल्लेखनीय परिवर्तन।
- प्रदेश में गर्मी से राहत नहीं, 37 जिलों के लिए लू का अलर्ट जारी।

## कैबिनेट - निर्णय

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय की छह हजार चार सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में कोडरमा-बरकाकाना और बेल्लारी-चिकजाजुर रेल लाईन का दोहरीकरण शामिल हैं। नई दिल्ली में बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 133 किलोमीटर लंबी कोडरमा-बरकाकाना दोहरीकरण परियोजना से 938 गांवों के 15 लाख से अधिक लोगों को बेहतर पहुंच मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं झारखंड के कोडरमा, चतरा हजारीबाग और रामगढ़ जिले को जोड़ेंगी।

## संबल योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को संबल योजना अंतर्गत, 6821 प्रकरणों में 150 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। जबलपुर के बरगी में होने वाले इस कार्यक्रम में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, उपस्थित रहेंगे। प्रदेश में संबल योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। योजना अन्तर्गत प्रारंभ से अब तक 1 करोड़ 76 लाख श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। पंजीयन प्रक्रिया निरंतर जारी है।

## मुख्यमंत्री वन क्षेत्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुजरात के जामनगर प्रवास पर थे। उन्होंने वहां वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर वनतारा का दौरा किया। उन्होंने कहा कि

मध्यप्रदेश सरकार वन्यजीवों और वन संपदा के संरक्षण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। प्रदेश जैव विविधता से समृद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि इन अमूल्य जीवों की सुरक्षा और देखभाल के लिए प्रदेश के सभी संभागों में रेस्क्यू सेंटर स्थापित किए जाएं।

राज्यपाल सिकल सेल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि वर्ष 2047 तक सिकल सेल उन्मूलन के लिए संवेदनशीलता, सहानुभूति के साथ रोग उन्मूलन की प्रतिबद्धता जरूरी है। श्री पटेल आज राजभवन में सिकल सेल मिशन के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा बताया गया कि मिशन के अंतर्गत 19 जून से 3 जुलाई तक समस्त ग्राम पंचायतों, एकलव्य आवासीय स्कूलों एवं छात्रावासों में मेगा शिविर आयोजित होंगे। विश्व सिकल सेल दिवस के तारतम्य में जनजातीय बहुल 20 जिलों में संचालित 78 आयुष औषधालयों में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

योग कार्यशाला

नई दिल्ली में आकाशवाणी के रंग भवन में आज "कार्यस्थल पर योग" कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सत्र में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ. पुनीत चतुर्वेदी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि योग का दर्शन तो मौजूद है, लेकिन इसका अभ्यास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने आकाशवाणी से चर्चा में कहा कि योग को एक ऐसा संकल्प है जिसका कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

विशेष फीचर - सरकार के 11 वर्ष

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम भारत के परिवहन बुनियादी ढांचे के परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एक रिपोर्ट-

विकसित कृषि संकल्प अभियान

प्रदेश में जारी  विकसित कृषि अभियान अन्तर्गत उन्नत कृषि तकनीक, नवीनतम किस्म, उन्न्त कृषि यंत्र, नरवाई प्रबंधन, बागवानी फसल, ड्रोन संबंधी जानकारी दी जा रही है। अभियान के अन्तर्गत आज रायसेन जिले के विकासखंड बेगमगंज के ग्राम पंचायत चांदबड़ पलोहा व उमरखोह में वैज्ञानिक दल पहुंचा। दल ने सोयाबीन, अरहर और उड़द की फसल के संबंध में जानकारी दी।

राजा रघुवंशी–हत्याकांड

इन्दौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड के सभी पांच आरोपियों को आज शिलांग कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सोनम सहित सभी आरोपियों को आठ दिन की पुलिस रिमांड में सौंप दिया है। मेघालय पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था।

प्रधानमंत्री - सामाजिक सुरक्षा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कल्याण केन्द्रित विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता जताई। इससे विभिन्न जन-हितैषी योजनाएं प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचेंगी। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के आंकड़ों के अनुसार, भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64 दशमलव 3 प्रतिशत हो गया है। श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा साझा की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री मोदी ने इन पहलों की प्रभावशीलता और पहुंच में सराहनीय वृद्धि की प्रशंसा की।

मौसम

प्रदेश के भोपाल,रतलाम,छिन्दवाड़ा और पंचमढ़ी में तेज गर्मी से लू का प्रभाव देखा जा रहा है। वहीं नर्मदापुरम में तीव्र लू से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के लू के लिए गुना, अशोकनगर, ग्वालियर सहित 12 जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। भोपाल, देवास, मंडला सहित 25 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक लू से राहत नहीं मिलेगी। इस बीच प्रदेश में सर्वाधिक तापमान छतरपुर के नौगॉव में 46 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

रेलवे - तत्काल

रेल मंत्रालय ने कहा है कि 15 जुलाई से केवल वे उपयोगकर्ता ही भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम -आईआरसीटीसी की वेबसाइट और ऐप के माध्यम से ऑनलाइन तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के साथ अपना खाता प्रमाणित किया है। वहीं एक साथ ज्यादा बुकिंग को रोकने के लिए, भारतीय रेलवे

के अधिकृत टिकटिंग एजेंटों को बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## समाचार संक्षेप में

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रतलाम निवासी प्रख्यात साहित्यकार प्रो. अजहर हाशमी के निधन पर दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साहित्य की विभिन्न विधाओं में श्री हाशमी ने निरंतर कार्य किया।
- सागर जिले में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने गढ़ाकोटा में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकार–वार्ता को संबोधित किया।
- जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री  नीमच ने गांधी सागर जलाशय के तटवर्ती ग्रामों में बाढ़ सुरक्षा के उपयों पर अमल करने के निर्देश विभागीय अमले को दिए है।
- देवास जिले में आज जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोनकच्छ के भैसाखेडी तालाब का सीमांकन कर अवैध गुमठियों को राजस्व विभाग एवं जल संसाधन विभाग द्वारा हटाया गया।
- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल में राष्ट्रीय नाट्यकार्यशाला के 12 वें दिन कर्नाटक के प्रो राघवेन्द्र भट्ट ने भावप्रकाश के रसविषयक तात्विक विवेचन के बारे में बताया।
- शहडोल में 70 करोड़ की लागत से आयुर्वेद कॉलेज का निमार्ण कराया जाएगा। निर्माण की पहली किस्त जारी हो चुकी है।
- इग्लैण्ड के लॉड्र्स के मैदान पर आज से शुरू हुए वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप का फायनल मैच  में आस्ट्रेलिया ने 4 विकेट पर 111 रन बना लिये हैं।

..........................